**राजस्थान सरकार**
**वित्त (बीमा) विभाग**

क्रमांक प.4(7)वित्त/बीमा/2026 जयपुर, दिनांक 5/8/26

**आज्ञा**

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2023 में सफल घोषित किए जाने एवं आयोग की अनुशंषानुसार कार्मिक (क–4/2) विभाग की अशा.टीप प. 9(80)कार्मिक/क–422/2025/29202 दिनांक 19.03.2026 के क्रम में इस विभाग की समसंख्यक आज्ञा दिनांक 19.03.2026 द्वारा श्रीमती प्रियंका छीपा, मेरिट क्रमांक 271 का राजस्थान राज्य बीमा सेवा में नियुक्ति आदेश जारी करते हुए उक्त अभ्यर्थी को इन्दिरा गांधी पंचायाती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान, जयपुर (IGPRS, JAIPUR) में दिनांक 23.03.2026 से संचालित आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थिति प्रस्तुत करने की दिनांक से दो वर्ष हेतु परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रूप में नियुक्त किया गया था।

श्रीमती छीपा द्वारा पारिवारिक एवं अन्य कारणों से कार्यग्रहण अवधि हेतु छूट चाही गयी थी जिसके क्रम में विभागीय समसंख्यक आज्ञा दिनांक 19.03.2026, 23.04.2026, 19.05.2026 एवं पत्र दिनांक 06.04.2026, 19.06.2026 एवं अन्तिम रजिस्टर्ड नोटिस पत्र दिनांक 15.07.2026 दिये जाने के उपरान्त भी उनके द्वारा आज दिनांक तक कार्यग्रहण नहीं किया गया है एवं न ही अन्तिम रजिस्टर्ड नोटिस का प्रत्युत्तर भिजवाया गया है।

इस प्रकार श्रीमती प्रियंका छीपा को कार्यग्रहण अवधि में शिथिलन दिये जाने के उपरान्त एवं अन्तिम रजिस्टर्ड नोटिस पत्र दिये जाने के पश्चात् भी उनके द्वारा विभाग में कार्यग्रहण नहीं किये जाने से यह प्रतीत होता है कि वे राज्य बीमा सेवा में कार्यग्रहण करने की इन्छुक नहीं है।

अतः श्रीमती प्रियंका छीपा को पर्याप्त एवं समुचित अवसर दिये जाने के उपरान्त भी राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि सेवा में उपस्थिति नहीं दिये जाने के फलस्वरूप इनके नियुक्ति आदेश तुरन्त प्रभाव से निरस्त किए जाते है।

आज्ञा से
(धनलाल शेरावत)
संयुक्त शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. सचिव, माननीय राज्यपाल महोदय, राजस्थान जयपुर।
2. अतिरिक्त मुख्य सचिव, माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान, जयपुर।
3. विशिष्ट सहायक, माननीया, उपमुख्यमंत्री महोदय, वित्त।
4. उप सचिव, प्रमुख शासन सचिव, वित्त।
5. उप सचिव, शासन सचिव, वित्त (व्यय) विभाग।
6. निजी सचिव, महानिदेशक, इन्दिरा गांधी पंचायाती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान, जयपुर (IGPRS, JAIPUR)
7. निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, राजस्थान, जयपुर।
8. संयुक्त शासन सचिव, कार्मिक (क–4/2) विभाग को उनकी अशा.टीप क्रमाक प. 9(80)कार्मिक/क–422/2025/29202 दिनांक 19.03.2026 के क्रम में।
9. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।
10. सिस्टम एनालिस्ट, संयुक्त निदेशक, वित्त (कम्प्यूटर सैल) विभाग शासन सचिवालय, जयपुर।
11. संबंधित अधिकारी द्वारा निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, राजस्थान जयपुर (श्रीमती प्रियंका छीपा, पुत्री श्री भीकमचन्द निवासी–129, भटेसर, चित्तौडगढ, राजस्थान।) ई–मेल PCHIPA87@GMAIL.COM
12. निजी पत्रावली/रक्षित पत्रावली।

संयुक्त शासन सचिव 5/8/26